दिनांक : 30.09.2025 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार

**प्रधानमंत्री - आरएसएस शताब्दी समारोह**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ - आरएसएस के शताब्दी समारोह में भाग लेंगे। शताब्दी समारोह में संघ की विरासत, उसके सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्र के प्रति इसके योगदान को दर्शाने वाला एक विशेष रूप से तैयार किया गया स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे।

**सेवा पर्व**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से भारत के लिए एक आधुनिक, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रही है।

**नवरात्रि**

शारदीय नवरात्रि का आज आठवां दिन है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना होती है और कन्या पूजन का विशेष महत्व रहता है। प्रदेशभर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाष्टमी पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर मां महागौरी को नमन किया और सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, शक्ति और सकारात्मकता की कामना की।

## त्रि सेवा राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि 21वीं सदी में सशस्त्र बलों के बीच अंतर-संचालन और संयुक्तता एक परिचालन आवश्यकता बन गई है। आज नई दिल्ली में त्रि-सेवा संगोष्ठी में श्री सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि खतरे कहीं अधिक जटिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपनी वायु रक्षा में संयुक्तता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया जो निर्णायक साबित हुआ।

## परिवहन विभाग

परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह आज भोपाल में परिवहन विभाग की फेसलेस सेवाओं के विस्तारीकरण का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर हेलमेट एवं राहवीर पुरस्कार का वितरण किया जायेगा और फेसलेस सेवाओं पर आधारित एक फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी।

## कुछ समाचार संक्षेप में :

- आगरमालवा नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत कल नगर पालिका प्रांगण में मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

- गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र की रुठियाई चौकी अंतर्गत एक दर्दनाक एक्सीडेंट में मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के बताए जाते हैं।

- पन्ना के अजयगढ़ बाईपास पर आज तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहाँ बस ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई।